पथरिया में नए विश्राम गृह का राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन : जबलपुर-दमोह-ओरछा मार्ग को फोर-लेन करने का प्रस्ताव, दमोह बायपास को रिंग रोड में बदलने की योजना

# फोर लेन व रिंग रोड से बदलेगा यातायात का स्वरूप : पटेल

**नवभारत,दमोह 21 जनवरी।** नवीन विश्राम गृह के निर्माण हेतु 1 करोड़ 99 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है,जो आगामी 6 से 8 महीनों में बनकर तैयार होगा। यह विश्राम गृह एक अत्यंत उपयुक्त व सुविधाजनक स्थान पर निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से 10 से 12 नई सड़कों की स्वीकृति के लिए आग्रह किया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। आगामी बजट में अधिक से अधिक सड़कें स्वीकृत होंगी, जिससे विधानसभा क्षेत्र में इंटर-कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

इस आशय के विचार पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने पथरिया में नवीन विश्राम गृह के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों के भूमि पूजन हैं, जिनमें छैघरा से क्रिन्द्राहो, कनारी से भैंसा, मैलवारा से सूखा तथा




सूखा से बिलानी मार्ग शामिल हैं।

## केंद्रीय मंत्री गड़करी से किया आग्रह

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि जबलपुर से दमोह, दमोह से ओरछा तथा ओरछा से वाया टीकमगढ़ मार्ग अभी तक फोर-लेन नहीं था। इसको लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि जब अन्य स्थानों पर फोर-लेन सड़कों का निर्माण हो रहा है तो यह मार्ग टू-लेन क्यों रहे। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि दमोह के बायपास को रिंग रोड में परिवर्तित करने का भी आग्रह किया गया है, जिसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यह रिंग रोड परियोजना लगभग 200 से 250 करोड़ रुपये की होगी।

## पथरिया में क्षेत्र का पहला रिंग रोड बन रहा

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रिंग रोड से बटियागढ़, हटा, बांदकपुर, जबलपुर और सागर की सड़कों को जोड़ा जाएगा, जिससे चारों दिशाओं में सुगम और तेज यातायात संभव होगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि पथरिया में क्षेत्र का पहला रिंग रोड बन रहा है, जिसकी लागत 195 करोड़ है और इसे मंजूरी भी मिल चुकी है।

## दो फ्लाईओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे

इस परियोजना के अंतर्गत स्टेट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (एसएफसी) के माध्यम से दो फ्लाईओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। दोनों फ्लाईओवर की लागत लगभग 75करोड़ होगी, जबकि शेष 120 करोड़ से चारों तरफ की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करना है, विशेष रूप से एथेनॉल प्लांट्स।

## एथेनॉल अब धान व गेहूं के अवशेष से तैयार हो सकता है

उन्होंने कहा कि नई तकनीक के माध्यम से अब एथेनॉल केवल मक्का के दानों से नहीं, बल्कि धान-गेहूं के अवशेष, भूसा और कृषि कचरे से भी तैयार किया जा सकता है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा और पराली जलाने जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा मुंबई की एक कंपनी ने उनसे संपर्क किया है, जो सरकारी सहयोग से एथेनॉल प्लांट स्थापित करना चाहती है।

### कंपनी प्लांट स्थापित करेगी तो हरसंभव मदद करेंगे

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि यदि कंपनी स्थानीय स्तर पर प्लांट स्थापित करेगी, तो उसे हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने इसे किसानों और क्षेत्र के लिए भविष्य में एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# सड़क दुर्घटना में 1 की मौत, 1 घायल

### छोटा हाथी ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 21 जनवरी।** तेंदूखेड़ा के सेहरी मार्ग छोटा हाथी की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है. वहीं दूसरे को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर गया है. घटना बुधवार दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि बाइक सवार यदि हेलमेट पहने होता तो शायद जान बच जाती. पुलिस थाना तेंदूखेड़ा के अंतर्गत मगदूपुरा से सेहरी प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर स्टेट हाईवे मार्ग से आधा किलोमीटर आगे ग्राम सेहरी गांव से आ रहा छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी जीबी 5611 ने झलौन मगदूपुरा तिगडडा से होकर जा रही बाइक क्रमांक एमपी 34 एम जे 5426 को टक्कर मार दी.

## मृतक के सिर पर गंभीर चोट लगी थी

घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई है, उसको देखकर कहा जा सकता है कि युवक यदि हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी जान बच जाती, क्योंकि हादसे में उसके सर पर गंभीर चोटे आना साफ नजर आ रहा है. दोनों वाहनों की तेज गति होने पर आमने-सामने हुई तेज टक्कर में बाइक सवार राजेश यादव के पैर और हाथों में गंभीर चोटें आई, वहीं खुमान अहीरवाल की घटना स्थल पर मौत हो गई.

## एक नजर में



## सड़कों ने गांव के विकास को गति दी : पटेल

**नवभारत,दमोह 21 जनवरी।** सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि ग्राम मेहलवारा में 5 करोड़ से अधिक लागत से बनने वाली सड़क सूखा से मेहलवारा मार्ग का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने जनता के पैसे को जनता तक पहुंचाया और देश में सड़कों का जाल बिछाया। आज यदि गांव का सम्मान और पहचान बढ़ी है तो उसका सबसे बड़ा कारण सड़कें हैं। सड़कों ने गांव को शहर से जोड़ा, विकास को गति दी और ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी। उन्होने कहा गॉव में तीन चीजे सड़क, बिजली और पानी पूर्ण तरीके से नहीं होगी तब तक पूरा विकास नहीं कह सकते है, इसके लिए सरकार द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है। राज्यमंत्री श्री पटैल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1999 से पहले ग्रामीण भारत की स्थिति बिल्कुल अलग थी। उस समय न तो गाँव तक सड़क पहुँचने की कल्पना थी और न ही ग्रामीणों द्वारा इसकी माँग की जाती थी। राज्यमंत्री पटैल ने कहा यह सड़क 5 करोड़ से अधिक लागत से निर्मित की जाएगी।इसके साथ ही सूखा से बिलानी सड़क का भी भूमिपूजन आज किया गया है, जिसकी लागत लगभग 7 करोड़ रूपये है। इन सड़कों की क्षेत्र में वर्षों पुरानी मांग थीं, जो अब पूरी हो रही हैं।



## चौधरी परिवार का भजनों के साथ किया स्वागत

**नवभारत,दमोह।** शहर के पलंदी मंदिर निवासी देवेंद्र कुमार चौधरी, अंजना, प्रशांत व त्रिशला परिवार को पूर्व संयोग से गोमटेश्वर बाहुबली भगवान व दक्षिण भारत में विराजमान जैन तीर्थों के दर्शन-वंदन का सौभाग्य प्राप्त हुआ. भगवान के चरणों में आत्मानंद की अनुभूति प्राप्त कर परिवार के दमोह लौटने पर नगर के व्यवहारी व परिवार से जुड़े लोगों द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर भजनों के माध्यम से स्वागत किया गया. इस अवसर पर परिवारजनों को फूल-मालाएं पहनाकर शॉल-श्रीफल भेंट किए तथा बधाई व शुभकामनाएं दी गईं.



## अलका ब्राह्मण महासभा की जिलाध्यक्ष बनीं

**नवभारत,दमोह।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सागर की महिला अध्यक्ष दीपा तिवारी व कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम सूर्य उत्तरायण के पर्व आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एडवोकेट अनिल मिश्रा ग्वालियर व अन्य अतिथियों में सागर महापौर, बेदीका फउंडेशन की अध्यक्ष शिल्पी भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष सागर, ब्राह्मण महासभा के युवा अध्यक्ष भरत तिवारी व बड़ी संख्या में समाज के पुरुष और महिला उपस्थित रही। इस अवसर पर दमोह में सामाजिक रूप से सक्रिय व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अलका मिश्रा दमोह को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की महिला जिला अध्यक्ष दमोह के रूप में दायित्व सौंपा गया है।

## छात्राओं ने दी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**नवभारत,दमोह।** मप्र शासन की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने व लोकहितकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण हेतु सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 12 से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड दमोह के सेक्टर अभाना के ग्राम ग्वारी में शासकीय माध्यमिक शाला में आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्वारी के सहयोग से नवांकुर संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था दमोह के मार्गदर्शन में किया गया।

## डीईओ ने हाईस्कूल आमखेड़ा का किया निरीक्षण

**नवभारत,दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने शासकीय हाई स्कूल आमखेड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षा दसवीं की कक्षा संचालित पाई गई, जिसमें डी व ई ग्रेड के विद्यार्थियों के साथ-साथ ए, बी एवं सी ग्रेड के विद्यार्थियों को बैठाने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे कि बचे हुए शेष समय में कमजोर बच्चों पर फोकस किया जाए तथा उनकी उपस्थिति भी बढ़ाई जाए। इसके बावजूद भी आमखेड़ा हाईस्कूल में दर्ज डी व ई ग्रेड के 25 विद्यार्थियों में से मात्र 11 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए तथा उनके साथ निर्देशों के विपरीत ए,बी व सी ग्रेड के विद्यार्थियों को बैठाए जाने पर प्राचार्य को नोटिस जारी करने की बात की।

# ग्रामीणों ने मुस्लिम बेटी का धूमधाम से किया निकाह

▶ ग्राम निबौरा ने सामाजिक सौहार्द की पेश की अनूठी मिसाल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 21 जनवरी।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक के ग्राम निबौरा में बुधवार को एक मुस्लिम समाज के बेटी का निकाह पूरे गांव ने मिलकर धूमधाम से किया. इस परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी, वहीं गांव में यह एक मात्र मुस्लिम परिवार है.

जब ग्रामीणों को बेटी नजमा खान की शादी की जानकारी लगी तो सबने मिलकर सहयोग कर धूमधाम से शादी की और बेटी को बिदा किया. निबौरा गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेश यादव ने बताया नजमा का परिवार रामराज यादव के घर समीप रहता है. पिता गुड्डू खान मजदूरी करते हैं और





मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं.

### एक ही मुस्लिम परिवार गांव में निवास करता है

गांव में सबसे ज्यादा यादव समाज के लोग रहते हैं. केवल गुड्डू खान का अकेला मुस्लिम परिवार गांव में निवास करता है. नजमा की शादी तेजगढ़ के शाहिद खान से तय हुई और 21 जनवरी को बारात गांव आनी थी. इसके पहले ग्रामीणों ने शादी की तैयारियों को पूरा किया और रामराज यादव के घर से शादी करने का तय हुआ.

इंसानियत सबसे ऊपर है : फरमान

बुधवार दोपहर तेजगढ़ गांव से बारात आई. मधु यादव, राजेश यादव के अलावा अन्य सभी लोगों ने बारात का स्वागत किया. इसके बाद सभी रीति रिवाज के साथ नजमा का विवाह संपन्न हुआ. रामराज यादव ने अपनी बेटी की तरह ही नजमा को बिदा किया और पूरा गांव इस विवाह सामारोह में शामिल हुआ. लड़के पक्ष की ओर से शादी में शामिल हुए तेजगढ़ के पूर्व सरपंच फरमान खान ने कहा इस प्रकार का आपसी भाई चारा समाज के लिए एक मजबूत संदेश है. यही हमारी पहचान हैं जहां इंसानियत सबसे ऊपर है.

# क्रिकेट : गुरुदेव टीम की रोमांचक जीत



**नवभारत,जबेरा 21 जनवरी।** जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद तेंदूखेड़ा में आयोजित हो रहे टीपीएल सीजन 2 अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है। देर रात गुरुदेव क्रिकेट क्लब और रॉयल इलेवन के बीच रोमांचिक मुकाबला हुआ। इसमें अंतिम क्षणों में गुरुदेव टीम ने विजय प्राप्त की।

वर्तमान में क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मुकाबले हो रहे है, जिससे खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष खेलो विधानसभा अंतर्गत संपन्न किया जा रहा है। विदित हो कि इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 जनवरी को हुआ था, जिसमें कुल 24 टीमों ने सहभागिता की। इनमें कुछ विभागीय टीमें थीं तथा कुछ टीमें ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के चयन से गठित की गई थीं।

### 24 को खेला जाएगा फाइनल

लीग मुकाबलों के उपरांत अब केवल 8 टीमें शेष रह गई हैं, जो आगे क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी। 24 जनवरी को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में व नितेंद्र सिंह के संरक्षण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से निश्चित ही विधानसभा क्षेत्र की नई खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं तथा युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है।



## शिक्षक छात्रों को बेहतर शिक्षा दें : मानसी

### नायब तहसीलदार ने स्कूल के छात्रों से किया संवाद

**कुम्हारी नवभारत 21 जनवरी।** प्राथमिक शाला गाड़ाघाट के छात्र-छात्राओं से नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल ने संवाद किया। नायब तहसीलदार ने विद्यार्थियों से स्कूल से जुड़ी जानकारी हासिल की और पढ़ाई के बारे में चर्चा की। इस दौरान शिक्षकों द्वारा कितनी पढ़ाई कराई जाती है इसकी भी जानकारी ली। नायब तहसीलदार ने विद्यार्थियों से कुछ सामान्य ज्ञान और भविष्य में अपना कैरियर बनाने को लेकर सवाल जवाब किए। छात्रों ने सहजतापूर्ण जवाब दिया। इस दौर नायब तहसीलदार ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि परीक्षा का सत्र नजदीक है, सभी शिक्षक खूब मेहनत करके छात्रों को पढ़ायें। इस दौरान प्रधान पाठक बानसिंह यादव, अनूप श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

रनेह के मकर संक्रांति मेले में दिख रहा पर्व जैसा उत्साह, स्थानीय कलाकारों की कला ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया

# रामलीला में सीता स्वयंवर व धनुष भंग का किया गया मंचन

**नवभारत,हटा 21 जनवरी।** राजानल नगरी रनेह में स्थित बालाजी मंदिर कचौरा तालाब प्रांगण में हर वर्ष की तरह मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले परंपरागत सात दिवसीय मेले में अपार भीड़ देखी जा रही है। इस मेले का विशेष आकर्षण यहां होने वाली रामलीला मंचन का ही होता है, जिसमें स्थानीय कलाकारों की कला दर्शकों को भावविभोर कर देतीं हैं।

बुधवार को मेले के छठवें दिन स्थानीय बालाजी मंडल द्वारा सीता स्वयंवर एवं धनुषभंग का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से हजारों दर्शकों की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि रनेह में लगने वाले इस संक्रांति मेले में विगत करीब साठ वर्षों से स्थानीय बालाजी मंडल द्वारा रामलीला का नाट्यमंचन किया जा रहा है।



### सीता स्वयंवर-धनुष भंग का मंचन

मेले की शुरुआत रामलीला में रामजन्म के प्रसंग के साथ की जाती है, जिसके पश्चात क्रमश: मुनि आगमन, ताड़का वध-अहिल्या उद्धार, मीना बाजार-पुष्प वाटिका जैसे दृश्य प्रस्तुत किए जाते हैं। मेले के पांचवें दिन रामलीला की सबसे लोकप्रिय प्रस्तुति सीता स्वयंवर व धनुषभंग का मंचन हुआ, जिसमें मिथिला नरेश जनक द्वारा रखी गई शर्त के अनुसार स्वयंवर में आमंत्रित अतिथियों में से जो भी शिव के धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ा देगा उसके साथ ही मिथिलेश कुमारी सीता का विवाह होगा।

### सीता ने श्रीराम को पहनाई वरमाला

स्वयंवर में आए अनेक राजाओं और योद्धाओं ने प्रयास किया, किंतु रावण और वाणासुर जैसे बाहुबली राजा भी धनुष को हिला तक नहीं सके। तत्पश्चात मुनि विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने सहजता से शिव धनुष उठाया और जैसे ही उस पर प्रत्यंचा चढ़ाई वह तिनके की भांति टूट गया। धनुष भंग के बाद जनकसुता सीता ने श्रीराम का वरण करते हुए उन्हें वरमाला पहनाई।

### लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने मोहा मन

शिव धनुष के टूटते ही भगवान परशुराम क्रोधित होकर स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। लक्ष्मण और परशुराम के बीच हुए तीखे संवाद ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अंतत: भगवान श्रीराम ने विनयपूर्वक परशुराम का क्रोध शांत किया।

### विवाह नाट्य मंचन के बाद होगा मेले का समापन

वैसे तो सात दिवसीय मेले का समापन राम-सीता विवाह के मंचन के साथ प्रतिवर्ष किया जाता है, किंतु विशेष अवसर व आयोजक मण्डल के निर्णयानुसार इसका समय बढ़ाया भी जा सकता है। विवाह से पूर्व ग्राम के मुख्य मार्गों से भगवान श्रीराम की भव्य बारात व शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर विधि-विधान से श्रीराम व देवी सीता का विवाह नाट्य मंचन कार्यक्रम के माध्यम से संपन्न किया जायेगा।